# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र:२०२२-२३**

**कक्षा:चार** **विषय: हिंदी** **पाठ: ८ माँ कह एक कहानी**

**चित्र बनाओ**



# <u>शब्दार्थ</u>

१. चेटी - दासी

२. मानधन- प्यारा पुत्र

३. वर्ण- वर्ण - रंग-बिरंगे

४. हिमबिंदु – ओस के कण

५. बिद्ध - बिंधा हुआ

६. करुणा भरी- दया से भरा हुआ

७. आखेटक- शिकारी

८. लक्ष्य सिद्धि- लक्ष्य या मंज़िल पा लेने वाला

९. आहत- घायल

१०.आग्रही- अनुरोध करने वाला

११.रक्षक- बचाने वाला

१२.भक्षक- मारने वाला

## प्रश्न/ उत्तर

प्र०क- पुत्र अपनी माँ से किस बात के लिए हठ कर रहा था?

उ०- पुत्र अपनी माँ से कहानी सुनाने की ज़िद कर रहा था|

प्र०ख- माँ ने राहुल को किसकी कहानी सुनाई?

उ०- माँ ने राहुल को उसके पिता की कहानी सुनाई, जिसमें उन्होंने एक घायल हंस को बचाया था|

प्र०ग- हंस अचानक क्यों और कहाँ गिरा?

उ०- हंस को एक शिकारी ने तीर से घायल कर दिया था। घायल होने के कारण हंस उपवन में आ गिरा|

प्र०घ- कौन- सी बात न्यायालय तक जा पहुँची?

उ०- "हंस किसका है" इसी बात का निर्णय करने के लिए यह मामला न्यायालय में जा पहुँचा|

प्र०ङ- माँ राहुल से क्या जानना चाहती थी?

उ०- माँ राहुल से जानना चाहती थी कि घायल हंस पर किसका अधिकार होना चाहिए|

## वाक्य प्रयोग

१. आखेटक- शिकारी

वाक्य प्रयोग – आखेटक ने बिना कारण के ही अनेक पशुओं को मार दिया|

२. आहत- घायल

**वाक्य प्रयोग-** सड़क दुर्घटना में <u>आहत</u> हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाया गया|

**३. रक्षक- बचाने वाला**

**वाक्य प्रयोग-** सीमा पर वीर सिपाही हमारे <u>रक्षक</u> बनकर दिन-रात खड़े रहते हैं|

**४. हिमबिंदु- ओस के कण**

**वाक्य प्रयोग-** हरी घास पर चमकते <u>हिमबिंदु</u> अत्यंत सुंदर लगते हैं|